# अध्याय - 1 | व्यवसाय, व्यापार और वाणिज्य

QUIZ PART-03

1. **वाणिज्य में मुख्य रूप से क्या सम्मिलित है?**
   A. केवल उत्पादन
   B. केवल उपभोग
   C. वस्तुओं की खरीद-विक्रय तथा सहायक सेवाएँ
   D. केवल भंडारण (C)

*व्याख्या :* वाणिज्य में खरीद-विक्रय तथा परिवहन, बैंकिंग, बीमा जैसी सहायक सेवाएँ शामिल होती हैं।

2. **व्यापार का मुख्य कार्य क्या है?**
   A. वस्तुओं का उत्पादन
   B. वस्तुओं का उपभोग
   C. वस्तुओं को अंतिम उपभोक्ताओं तक पहुँचाना
   D. केवल पैकिंग (C)

*व्याख्या :* व्यापार उत्पादित वस्तुओं को अंतिम उपभोक्ताओं तक पहुँचाने का कार्य करता है।

3. **आंतरिक व्यापार किसे कहा जाता है?**
   A. दो देशों के बीच किया गया व्यापार
   B. दो राज्यों के बीच किया गया व्यापार
   C. एक देश की भौगोलिक सीमाओं के भीतर किया जाने वाला व्यापार
   D. विदेश से वस्तुओं का क्रय (C)

*व्याख्या :* आंतरिक व्यापार एक ही देश की सीमाओं के भीतर किया जाता है।

4. **थोक व्यापार की विशेषता क्या है?**
   A. उपभोक्ताओं को सीधे बेचना
   B. वस्तुओं का क्रय-विक्रय कम मात्रा में
   C. वस्तुओं का बिक्री बड़ी मात्रा में
   D. विदेशी व्यापार करना (C)

*व्याख्या :* थोक व्यापारी वस्तुओं को बड़ी मात्रा में खरीदते और बेचते हैं।

5. **फुटकर व्यापारी किसके बीच कड़ी का कार्य करता है?**
   A. उत्पादक और उपभोक्ता
   B. उत्पादक और थोक व्यापारी
   C. थोक व्यापारी और उपभोक्ता
   D. उपभोक्ता और सरकार (C)

*व्याख्या :* फुटकर व्यापारी थोक व्यापारी और उपभोक्ता के बीच मध्यस्थ का कार्य करते हैं।

6. **बाह्य व्यापार को और किस नाम से जाना जाता है?**
   A. आंतरिक व्यापार
   B. घरेलू व्यापार
   C. विदेशी व्यापार
   D. कृषि व्यापार (C)

*व्याख्या :* बाह्य व्यापार को विदेशी व्यापार कहा जाता है, जिसमें दो या अधिक देशों के बीच वस्तुओं/सेवाओं का लेनदेन होता है।

7. **आयात व्यापार क्या है?**
   A. वस्तुओं को देश में बनाना
   B. वस्तुओं का देश से बाहर भेजना
   C. दूसरे देशों से वस्तुओं का क्रय
   D. देश में ही वस्तुओं का वितरण (C)

*व्याख्या :* जब वस्तुएँ या सेवाएँ विदेश से खरीदी जाती हैं तो इसे आयात व्यापार कहते हैं।

8. **निर्यात व्यापार का सही अर्थ क्या है?**
   A. दूसरे देशों से वस्तुएँ लाना
   B. दूसरे देशों को वस्तुएँ भेजना
   C. एक ही देश में वस्तुओं का लेनदेन
   D. कम मात्रा में वस्तुएँ बेचना (B)

*व्याख्या :* निर्यात व्यापार में देश से वस्तुएँ अन्य देशों को भेजी जाती हैं।

9. **पुनःनिर्यात (Re-export) व्यापार में क्या होता है?**
   A. देश में उत्पादित वस्तुओं का निर्यात
   B. पहले आयात करके फिर किसी अन्य देश को निर्यात करना
   C. केवल थोक बिक्री
   D. केवल फुटकर बिक्री (B)

*व्याख्या :* पुनःनिर्यात में आयात की गई वस्तुएँ किसी अन्य देश को निर्यात की जाती हैं।

10. **थोक व्यापार में व्यापारी किसके बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है?**
    A. उत्पादक और उपभोक्ता
    B. उत्पादक और फुटकर व्यापारी
    C. उपभोक्ता और सरकार
    D. उपभोक्ता और बैंक (B)

*व्याख्या :* थोक व्यापारी उत्पादक और फुटकर व्यापारी के बीच कड़ी का कार्य करते हैं।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App